**A**

**CCE RF**
**NCERT**
**SYLLABUS**

ಕರ್ನಾಟಕ ಪ್ರೌಢ ಶಿಕ್ಷಣ ಪರೀಕ್ಷಾ ಮಂಡಳಿ, ಮಲ್ಲೇಶ್ವರಂ, ಬೆಂಗಳೂರು – 560 003

**KARNATAKA SECONDARY EDUCATION EXAMINATION BOARD, MALLESHWARAM, BANGALORE – 560 003**

ಎಸ್.ಎಸ್.ಎಲ್.ಸಿ. ಪರೀಕ್ಷೆ, ಮಾರ್ಚ್/ಏಪ್ರಿಲ್, 2022

**S.S.L.C. EXAMINATION, MARCH / APRIL, 2022**

ಮಾದರಿ ಉತ್ತರಗಳು

**MODEL ANSWERS**

ದಿನಾಂಕ : 08. 04. 2022 ] ಸಂಕೇತ ಸಂಖ್ಯೆ : **60-H**

Date : 08. 04. 2022 ] **Code No. : 60-H**

## ವಿಷಯ : ತೃತೀಯ ಭಾಷೆ — ಹಿಂದಿ

## Subject : Third Language — HINDI

**( ಶಾಲಾ ಅಭ್ಯರ್ಥಿ / Regular Fresh )**

[ ಗರಿಷ್ಠ ಅಂಕಗಳು : 80

[ Max. Marks : 80

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| I. | **निम्नलिखित प्रश्नों के लिए चार-चार विकल्प सुझाए गये हैं, उनमें से सर्वाधिक उचित विकल्प चुनकर उसके संकेताक्षर सहित पूर्ण रूप से लिखिए :** 8 × 1 = 8 | |
| 1. | 'भय' शब्द का विलोम शब्द है –<br>(A) भयभीत (B) निर्भय<br>(C) सुभय (D) भयंकर।<br>**उत्तर :** (B) निर्भय | 1 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| 2. | 'आँख' शब्द का पर्यायवाची शब्द है –<br>(A) नेत्र (B) अंग<br>(C) आँसू (D) देख।<br>**उत्तर :** (A) नेत्र | 1 |
| 3. | निम्नलिखित शब्दों में 'बहुवचन' शब्द है –<br>(A) चींटी (B) रोटी<br>(C) टुकड़ा (D) घोड़े।<br>**उत्तर :** (D) घोड़े | 1 |
| 4. | माँ ने भोजन परोसा। वाक्य में प्रयुक्त विराम चिह्न है –<br>(A) अल्प विराम (B) विस्मयादि बोधक<br>(C) पूर्ण विराम (D) प्रश्नवाचक।<br>**उत्तर :** (C) पूर्ण विराम | 1 |
| 5. | 'विद्यालय' शब्द में संधि है –<br>(A) दीर्घ (B) गुण<br>(C) अयादि (D) यण् ।<br>**उत्तर :** (A) दीर्घ | 1 |
| 6. | निम्नलिखित में से 'द्वंद्व' समास है –<br>(A) पीतांबर (B) करकमल<br>(C) माता - पिता (D) पंचवटी।<br>**उत्तर :** (C) माता - पिता | 1 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| 7. | निम्नलिखित शब्दों में 'उपसर्गयुक्त' शब्द है –<br>(A) अज्ञात (B) साहसिक<br>(C) छटपटाहट (D) शब्दहीन।<br>**उत्तर :** (A) अज्ञात | 1 |
| 8. | लेखक ..... पत्नी को खिड़की में जाली लगानी पड़ी।<br>रिक्त स्थान के लिए उचित कारक चिह्न है –<br>(A) का (B) के<br>(C) ने (D) की।<br>**उत्तर :** (D) की | 1 |
| II. | **सही वाक्यांशों को जोड़कर लिखिए।** 4 × 1 = 4 | |
| | **अ** **ब** | |
| 9. | स्वतंत्रता की पुनरावृत्ति दिवस a) वीरेन डंगवाल | |
| 10. | निकोबार द्वीप समूह का पहला द्वीप b) दुर्योधन ने | |
| 11. | द्रौपदी की लाज रखी c) महादेवी वर्मा | |
| 12. | तोप d) 26 जनवरी 1931 | |
| | e) भगवान श्रीकृष्ण ने | |
| | f) लिटल अंदमान | |
| | g) कार - निकोबार | |
| | **उत्तर :** | |
| 9. | d) 26 जनवरी 1931 | 1 |
| 10. | g) कार - निकोबार | 1 |
| 11. | e) भगवान श्रीकृष्ण ने | 1 |
| 12. | a) वीरेन डंगवाल | 1 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| III. | **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-एक पूर्ण वाक्य में लिखिए :** 4 × 1 = 4 | |
| 13. | नूह किस कारण से उम्र भर रोते रहे ?<br>**उत्तर :** नूह एक जख्मी कुत्ते के जवाब के कारण उम्र भर होते रहे। | 1 |
| 14. | बड़े भाई साहब स्वभाव से कैसे व्यक्ति थे ?<br>**उत्तर :** बड़े भाई साहब स्वभाव से बड़े अध्ययनशील थे। | 1 |
| 15. | कवि रवींद्रनाथ ठाकुर किनसे प्रार्थना कर रहे हैं ?<br>**उत्तर :** कवि रवींद्रनाथ ठाकुर करुणामय से प्रार्थना कर रहे हैं। | 1 |
| 16. | कवि कैफ़ी आज़मी खून का लकीर खींचने का संदेश क्यों देते हैं ?<br>**उत्तर :** कोई भी शत्रु हमारे ज़मीन पर कदम न रख सके। | 1 |
| IV. | **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो या तीन वाक्यों में लिखिए :** 8 × 2 = 16 | |
| 17. | श्रद्धानंद पार्क में हुई घटना का वर्णन कीजिए।<br>**उत्तर :** * बंगाल प्रांतीय विद्यार्थी संघ के मंत्री अविनाश बाबू ने जब झंडा गाड़ा तो पुलिस ने उन्हें पकड़ लिया।<br>* पुलिस ने लोगों को मारा और हटा दिया। | 2 |
| 18. | गिन्नी का सोना कैसा होता है ?<br>**उत्तर :** * गिन्नी के सोने में थोड़ा-सा ताँबा मिलाया हुआ होता है।<br>* ज्यादा चमकता है।<br>* शुद्ध सोने से मजबूत होता है। | 2 |
| 19. | कर्नल के अनुसार वज़ीर अली की स्कीम का विवरण कीजिए।<br>**उत्तर :** * किसी तरह नेपाल पहुँच जाना<br>* अफ़गानी हमले का इंतज़ार करते, अपना ताकत बढ़ाना<br>* सआदत अली को उसके पद से हटाकर खुद अवध पर कब्जा करना।<br>* अंग्रेजों को हिंदुस्तान से निकाल देना।<br>[ उपर्युक्त में से कोई दो या तीन अंश ] | 2 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| 20. | मीराबाई के मन में कृष्ण की कौन-सी वेष-भूषा स्मरण में आती है ?<br>**उत्तर :** * मोर पंख से अलंकृत मुकुट<br>* पीतांबर और गले में वैजयंतीमाला धारण किए<br>* मुरली (बाँसुरी) हाथ में पकड़े वृंदावन में गाय चराते हुए। | 2 |
| 21. | 'तोप' कविता के अनुसार कंपनी बाग में रखी तोप से कैसी सीख मिलती है ?<br>**उत्तर :** * तोप जितनी भी बड़ी क्यों न हो, अपने जमाने में अच्छे-अच्छे वीरों को धराशाह किया है<br>* एक न एक दिन वह निष्प्रयोजक होता ही है। | 2 |
| 22. | दुःख-ताप के समय में कवि रवींद्रजी की प्रार्थना क्या है ?<br>**उत्तर :** * दुखी को सांत्वना नहीं दे तो भी सही<br>* दुःख को दूर करके मैं सदा उस पर विजय पाने की हिम्मत रख सकूँ। | 2 |
| 23. | लेखक के अनुसार कस्बाई शहर के प्रमुख स्थान कौन-कौन से हैं ?<br>**अथवा**<br>लोग ठाकुरजी से किन-किन विचारों पर मनौती मनाते थे ?<br>**उत्तर :** * गाँव के पश्चिम किनारे का बड़ा सा तालाब<br>* मध्य स्थित बरगद का पुराना वृक्ष<br>* पूरब में ठाकुरजी का विशाल मंदिर जिसे ठाकुरबाजी कहते हैं।<br>**अथवा**<br>* पुत्र प्राप्ति होना<br>* मुकदमें में विजय होना<br>* लड़की की शादी अच्छे घर में तय होना<br>* लड़के को नौकरी मिलना। | 2 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
| --- | --- | --- |
| 24. | इफ़्फ़न की दादी को मरते समय कैसी-कैसी बातें याद आईं ?<br>**अथवा**<br>इफ़्फ़न को अपनी दादी से बड़ा प्यार था, क्यों ?<br>**उत्तर :** * अपना पुराना घर जिसका नाम कच्ची हवेली था।<br>* दसहरी आम का बीजू पेड़ जो अपने हाथों से लगाया था।<br>**अथवा**<br>* दादी ने कभी उसका दिल नहीं दुखाया<br>* रात को भी उसे बहराम डाकू, अनार परी, बारह बुर्ज, अमीर हम्जा, गुलबकावली, हातिमताई, पंच फुल्ला रानी की कहानियाँ सुनाती थी। | 2 |
| V. क) | **निम्नलिखित के आशय स्पष्ट कीजिए :** 9 × 3 = 27 | |
| 25. | बस आस की एक किरण थी जो समुद्र की देह पर डूबती किरणों की तरह कभी भी डूब सकती है।<br>**उत्तर :** प्रस्तुत वाक्य का आशय यह है कि -<br>तताँरा को पहली ही नज़र में वामीरो से बेहद प्रेम हो गया था। तताँरा उसे कल संध्या के समय में समुद्र के छोर पर आने के लिए कह दिया था। दिन ढलने से कुछ पहले तताँरा समुद्री चट्टान पर बैठे वामीरो की प्रतीक्षा कर रहा था। उसके मन में एक ही आशंका थी कि अगर वामीरो न आई तो ? वह कुछ निर्णय नहीं कर पा रहा था। वामीरो के आने की आशा किरण के साथ सिर्फ प्रतीक्षा कर रहा था। परंतु उसे लगता यह था कि बस आस की एक किरण थी जो समुद्र की देह पर डूबती किरणों की तरह कभी भी डूब सकती है। | 3 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| 26. | जो जितना बड़ा होता है उसे उतना ही कम गुस्सा आता है।<br>**उत्तर :** प्रस्तुत वाक्य का आशय यह है कि —<br>जो मनुष्य उदार और महान् होता है, वह गुस्सा कम करता है। वे बहुत ही सहनशील होते हैं। जिस तरह समुंदर बड़ा विशाल होते हुए भी उसकी लहरें बहुत ही कम कृद्ध होते हैं। ठीक उसी तरह जो जितना बड़ा होता है, उसे उतना ही कम गुस्सा आता है। | 3 |
| 27. | है टूट पड़ा भू पर अंबर।<br>**उत्तर :** प्रस्तुत कवितांश का आशय यह है कि -<br>पर्वत प्रदेश में वातावरण का अचानक परिवर्तन हो गया। घने बादलों से अंधकार छा गया। सिर्फ झरनों की आवाज़ मात्र ही सुनने लगी। कुछ भी दिखाई नहीं देने लगा। वर्षा बरसने लगी। इस तरह अंबर ही भूमि पर टूट पड़ने का अनुभव होने लगा। | 3 |
| **ख)**<br>28. | **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर तीन-चार वाक्यों में लिखिए :**<br>चाय पीने के बाद लेखक से स्वयं महसूस किये गए परिवर्तनों का विवरण दीजिए।<br>**उत्तर :** * करीब डेढ़ घंटे तक चाय पीने के बाद पहले दस-पंद्रह मिनट तक तो लेखक उलझन में पड़े।<br>* फिर देखा, दिमाग की रफ़्तार धीरे-धीरे धीमी पड़ती जा रही थी।<br>* थोड़ी देर में दिमाग का दौड़ना बंद भी हो गया।<br>* उन्हें लगा कि अनंतकाल में वे जी रहे हैं।<br>* उन्हें ऐसा प्रतीत होने लगा कि सन्नाटा भी सुनाई देने लगा।<br>[ उपर्युक्त में से कोई तीन या चार अंश ] | 3 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
| --- | --- | --- |
| 29. | वज़ीर अली ने कंपनी के वकील का कत्ल कैसे किया ? विवरण दीजिए।<br>**उत्तर :** * वकील ने वजीर अली की शिकायतें ठीक से नहीं सुनवाई।<br>* वह वजीर अली के शिकायतों का परवाह नहीं किया।<br>* उलटा वजीर अली को ही भला-बुरा सुना दिया।<br>* वजीर अली के दिल में अंग्रेजों के खिलाफ नफरत कूट-कूट कर भरी थी।<br>* इसलिए उसने अपने पास रखी खंजर से वकील का काम तमाम कर दिया। | 3 |
| 30. | 'कर चले हम फ़िदा' कविता में धरती को दुलहन क्यों कहा गया है ? स्पष्ट कीजिए।<br>**उत्तर :** * कवि ने कविता में प्रेमी-प्रेमिका या दूल्हा-दुलहन का भाव दर्शाया है।<br>* जिस तरह दूल्हा (प्रेमी) अपने दुलहन (प्रेमिका) के प्रेम में विभोर होकर उसकी रक्षा के लिए अपने प्राणों की बाज़ी लगा देता है।<br>* उसी तरह सन् 1962 के भारत और चीन के बीच की युद्ध में हमारे जाँबाज सिपाही इस धरती की प्रेम से अपने आप को कुर्बान किये थे।<br>* अनेक वीर सैनिकों के खून से लथपथ हिंदुस्तान की धरती लाल पोषाक पहनी दुलहन की तरह लग रही थी।<br>* इसलिए कवि इस कविता में हिंदुस्तान की धरती को दुलहन से संबोधित किया है।<br>[ उपर्युक्त में से कोई तीन या चार अंश ] | 3 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| 31. | कवि मैथिलीशरण गुप्त के अनुसार सुमृत्यु के विचार को स्पष्ट कीजिए।<br>**उत्तर :** * कवि के अनुसार मनुष्य मृत्युशील है।<br>* हर इंसान के लिए मौत खचित है।<br>* मृत्यु जब भी आए, इसके लिए मत डरो।<br>* मौत के लिए हमेशा तैयार रहो।<br>* लेकिन मरने से पहले ऐसे महान कार्य करो, जिनसे सभी लोग आप को हमेशा याद करें और आप अमर रहें।<br>* ऐसी मृत्यु ही सुमृत्यु कहलाती है। | 3 |
| 32. | **निम्नलिखित दोहे का भावार्थ अपने शब्दों में लिखिए :**<br>ऐसी बाँणी बोलिये, मन का आपा खोइ।<br>अपना तन सीतल करै, औरन कौं सुख होइ।।<br>**उत्तर :** * इस दोहे को 'कबीर के साखी' से चयन किया गया है।<br>* प्रस्तुत पंक्तियों में कवि कबीरने वाणी (बातें) की महत्ता पर प्रकाश डाला है।<br>* बातें ऐसी बोलनी चाहिए, जिनसे मन का अहंकार मिट जाए।<br>* अहंकार रहित बातों से स्वयं भी आनंदित हो जाते हैं और दूसरे भी प्रसन्नचित्त हो जाते हैं। | 3 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| 33. | **गद्यांश का अनुवाद कन्नड या अंग्रेजी में कीजिए :**<br>कबीर का जन्म काशी में हुआ। वे गुरु रामानंद के शिष्य थे। इनकी भाषा पूर्वी जनपद की भाषा थी।<br>**उत्तर :** ಕನ್ನಡ : ಕಬೀರರ ಜನನ ಕಾಶಿಯಲ್ಲಿ ಆಯಿತು. ಅವರು ಗುರು ರಾಮಾನಂದರ ಶಿಷ್ಯರಾಗಿದ್ದರು. ಇವರ ಭಾಷೆ ಪೂರ್ವೀ ಜನಪದದ ಭಾಷೆಯಾಗಿತ್ತು.<br>English : Kabir was born in Kashi. He was the student of Guru Ramananda. His language was of Eastern Folk. | 3 |
| VI.<br>34. | **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पाँच-छः वाक्यों में लिखिए :** 2 × 4 = 8<br>बड़े भाई साहब के अनुसार जीवन की समझ कैसे आती है ? विवरण दीजिए।<br>**अथवा**<br>बड़े भाई की स्वभावगत विशेषताओं का वर्णन कीजिए।<br>**उत्तर :** * जीवन की समझ पुस्तकें पढ़ने से नहीं, अपितु दुनिया देखने से आती है।<br>* जिसे जीने का अनुभव होता है, वही समझदार आदमी माना जाता है।<br>* माँ-बाप, दादा-दादी पढ़ाई कम करते हुए भी जीवन का अधिक ज्ञान और समझ रखते हैं।<br>* वे घर का खर्च, बीमारी और अन्य प्रबंध करने में पढ़े लिखों से भी अधिक कुशलता रखते हैं।<br>* हेड मास्टर से भी अधिक कुशल उनकी बूढ़ी माँ थी, जो अपने सुशिक्षित बेटे के घर की अव्यवस्था को ठीक से संभाल सकती थी।<br>* इन सभी बातों से उनका कहना यह था कि जीवन की समझ किताबों की पढ़ाई से बढ़कर दुनिया देखने की अनुभव से आती है।<br>**अथवा** | 4 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
| --- | --- | --- |
| | * बड़े भाई महत्वाकांक्षी और अध्ययनशील स्वभाव के थे।<br>* वे बड़ा होने का सम्मान चाहते थे।<br>* वे अपने छोटे भाई के संरक्षक के रूप में सिद्ध करने के लिए जी-जान लगाते थे।<br>* घोर परिश्रमी और धुनी आदमी थे।<br>* ठीक से पढ़ाई करने के लिए नहीं आते हुए भी कठिन परिश्रम करने में कोई कोर-कसर नहीं करते।<br>* वे तीन-तीन बार परीक्षा में फेल होते हुए भी उसी धुन में पढ़ते थे कि दिन-रात कठिन तपस्या हो।<br>* वे एक ऐसे अच्छे वाक् पटु थे कि उपदेश देने में और दूसरों से बात बनाने में कुशलता पूर्वक बर्ताव करते थे।<br>* अपने आप को बड़ा सिद्ध करने के लिए हर वक्त जुटे रहते थे।<br>* कभी वे घमंडियों को नाश करने की बात करते, तो कभी बड़ी कक्षाओं की पढ़ाई के कठिनाइयों की बात करते। कभी परीक्षकों की बुराई करते, तो कभी पढ़ाई-लिखाई बेकार कहते।<br>[ उपर्युक्त में से कोई पाँच या छः अंश ] | |
| 35. | **निम्नलिखित कवितांश पूर्ण कीजिए :**<br>सौरभ फैला ..............................................<br>..............................................................<br>..............................................................<br>............................................... गल गल !<br>**उत्तर :** सौरभ फैला विपुल धूप बन,<br>मृदुल मोम सा धुल रे मृदु तन ;<br>दे प्रकाश का सिंधु अपरिमित,<br>तेरे जीवन का अणु गल गल ! | 4 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| VII. 36. | **निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर लिखिए :** 4 × 1 = 4<br>ए पी जे अब्दुल कलाम बताते हैं कि मैं सौभाग्यशाली था कि सेंट जोसेफ कॉलेज में मुझे फादर टी एन सेक्यूरिया जैसे शिक्षक मिले। वे हमें अंग्रेजी पढ़ाते थे और साथ ही हमारे हॉस्टल वार्डन भी थे। तीन मंजिले हॉस्टल में हम करीब सौ छात्र रहते थे। फादर सेक्यूरिया रोजाना रात को हाथ में बाइबल लिए हुए हर लड़के से मिलने आते थे। उनकी ऊर्जा और धैर्य आश्चर्यजनक थे। वे हमेशा दूसरों का खयाल रखनेवाले व्यक्ति थे।<br>**प्रश्न :**<br>अ) अब्दुल कलाम अपने आप को सौभाग्यशाली क्यों मानते थे ?<br>आ) फादर टी एन सेक्यूरिया क्या पढ़ाते थे ?<br>इ) फादर टी एन सेक्यूरिया रोजाना रात हॉस्टल में क्यों आते थे ?<br>ई) फादर टी एन सेक्यूरिया कैसे व्यक्ति थे ? | |
| | **उत्तर :** अ) अब्दुल कलाम अपने आप को सौभाग्यशाली मानते थे, क्यों कि उन्हें सेंट जोसेफ कॉलेज में फादर टी एन सेक्यूरिया जैसे शिक्षक मिले थे। | 1 |
| | **उत्तर :** आ) फादर टी एन सेक्यूरिया अंग्रेजी पढ़ाते थे। | 1 |
| | **उत्तर :** इ) फादर टी एन सेक्यूरिया रोज़ाना रात में हॉस्टल में हर लड़के से मिलने आते थे। | 1 |
| | **उत्तर :** ई) फादर टी एन सेक्यूरिया हमेशा दूसरों का खयाल रखनेवाले व्यक्ति थे। | 1 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| VIII. 37. | **दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर 12 - 15 वाक्यों में किसी एक विषय के बारे में निबंध लिखिए :** $1 \times 4 = 4$<br>क) **कंप्यूटर**<br>✳ प्रस्तावना<br>✳ लाभ<br>✳ हानि<br>✳ उपसंहार<br>ख) **मेरा प्रिय खेल**<br>✳ प्रस्तावना<br>✳ महत्व<br>✳ लाभ<br>✳ उपसंहार<br>ग) **15 अगस्त - स्वतंत्रता दिवस**<br>✳ प्रस्तावना<br>✳ आचरण का महत्व<br>✳ समारोह का आयोजन<br>✳ उपसंहार । | |
| | **उत्तर :** ✳ प्रस्तावना 1<br>✳ विषय विस्तार 2<br>✳ उपसंहार 1 | 4 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| IX. | **निम्नलिखित विषय के बारे में पत्र लिखिए :** $1 \times 5 = 5$ | |
| 38. | अपनी पढ़ाई के बारे में बताते हुए अपने पिताजी को एक पत्र लिखिए।<br>**अथवा**<br>कोई कारण बताते हुए तीन दिन की छुट्टी के लिए अपनी कक्षा अध्यापक को एक पत्र लिखिए।<br>**उत्तर :** पत्र लेखन :<br>पारिवारिक पत्र<br>* प्रेषक का पता व दिनांक $\frac{1}{2}$<br>* संबोधन एवं अभिवादन 1<br>* पत्र का कलेवर $2\frac{1}{2}$<br>* समाप्ति $\frac{1}{2}$<br>* पत्र पानेवाले का पता $\frac{1}{2}$<br>**अथवा**<br>व्यावहारिक पत्र :<br>* प्रेषक का पता और दिनांक $\frac{1}{2}$<br>* पत्र पानेवाले का पता $\frac{1}{2}$ | 5 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| | ✳ संबोधन $\frac{1}{2}$<br>✳ विषय $\frac{1}{2}$<br>✳ पत्र का कलेवर $2\frac{1}{2}$<br>✳ समाप्ति $\frac{1}{2}$ | |